सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-252
23/05/2018

मुख्यमंत्री ने किया '100 सफल लोक शिकायत निवारण' पुस्तिका का लोकार्पण

पटना, 23 मई 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय–पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा तैयार की गई '100 सफल लोक शिकायत निवारण' पुस्तिका का लोकार्पण किया। बेतिया जिले के मंगुराहा वन विश्रामागार में लोकार्पित इस पुस्तिका में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम–2015 के माध्यम से आम–आवाम को समस्याओं से मिले समाधान का उल्लेख है। पुस्तक लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने स्थानीय नेताओं से मुलाकात भी की।

पुस्तक लोकार्पण से पूर्व मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सीमा बल की 44वीं वाहिनी सीमा चौकी, बलबल स्थित सोंफा मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य मे शांति, सद्भाव एवं लोक कल्याण की कामना की। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री को माला एवं गुलदस्ता भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने सोंफा मंदिर क्षेत्र में किये गये कटाव निरोधक कार्यों का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर सांसद श्री सतीशचन्द्र दूबे, विधायक श्री विनय बिहारी, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय पदाधिकारीगण मौजूद थे।

******